समाचार विज्ञप्ति

बजट 2023: अल्बर्टावासी, समुदाय होंगे सुरक्षित

फरवरी 28, 2023

संबंधित जानकारी
alberta.ca/Budget

मीडिया पूछताछ
शार्लेट टैलोन
charlotte.taillon@gov.ab.ca
780-932-5381
प्रेस सचिव, ट्रेजरी बोर्ड और वित्त

बजट 2023 पुलिस सेवाओं, और स्वास्थ्य लाभ-केन्द्रित मानसिक स्वास्थ्य और एडिक्शन संबंधी इलाज के विकल्पों को बढ़ावा देकर सभी अल्बर्टावासियों की सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देता है।

बजट 2023-24 में सार्वजनिक सुरक्षा के लिए 709 मिलियन डॉलर की राशि मुहैया कराई गई है, जो पिछले वर्ष के बजट से 84 मिलियन डॉलर अधिक है। इससे नगर पालिकाएं अपराध से लड़ने में मदद के लिए पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बना सकेंगी।

सरकार के सार्वजनिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवा मंत्री माइक एलिस ने कहा, "इन निवेशों से अल्बर्टावासियों और उनके परिवारों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय समाधान मिलेंगे।"

2023-24 में 94 मिलियन डॉलर का निवेश एडमॉन्टन और कैलगरी पर खास ध्यान देने के साथ-साथ, एडिक्शन संकट को दूर करने के लिए सेवाओं और संस्थानों को आपस में जोड़ेगा।

2023-24 में 12.5 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि के साथ कारागारों में इलाज की सुविधा का विस्तार किया जाएगा। इसका उद्देश्य इस बात को स्वीकार करना है कि मानसिक स्वास्थ्य और एडिक्शन सेहत की देखभाल से जुड़े मुद्दे हैं जिससे समुदायों की सुरक्षा बेहतर होगी और बार-बार होने वाले अपराधों में कमी आएगी।

और, अगले तीन वर्षों में दिए जाने वाली 20 मिलियन डॉलर की राशि मानव तस्करी के शिकार लोगों की बेहतर सुरक्षा और सहायता में मददगार होगी, और

विशिष्ट सेवाओं तक उनकी पहुंच को बढ़ाएगी। मानव तस्करी से निपटने के लिए एक अलबर्टा कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा।

अल्बर्टा सरकार के वित्त मंत्री ट्रेविस टोज़ ने कहा, "बजट 2023 हमें सशक्त पुलिस सेवाओं, सामाजिक सेवाओं और आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं द्वारा समर्थित सुरक्षित समुदायों के निर्माण में मदद करता है।"